हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार 5 मई 2026

11 रोडवेज चालकों को अग्निशमन विभाग में भेजने पर भड़के कर्मचारी



12 नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल से फतेहाबाद बेहाल




## खबर संक्षेप

### चेयरपर्सन रेणू भाटिया आज फतेहाबाद में

**फतेहाबाद।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया 5 मई को जिला में आयोजित होने वाले जागरूकता कार्यक्रमों व बैठकों में भाग लेंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी कविता रानी ने बताया कि चेयरपर्सन रेणू भाटिया 5 मई को सुबह 8.30 बजे पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहाबाद में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में शिरकत करेंगी।

### हेरोइन तस्करी मामले में मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** 'नशा मुक्त हरियाणा' अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस ने हेरोइन तस्करी के मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरोह के दो सदस्य पहले ही पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान फतेहाबाद के बाल्मीकि चौक निवासी रवि कुमार उर्फ रवि पारचा के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, रवि एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं।

### हेरोइन के साथ युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना जाखल पुलिस ने एक युवक को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10.08 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सावन कुमार पुत्र विनोद उर्फ कालू निवासी मास्टर कॉलोनी, जाखल के रूप में हुई है।

### 35 ग्राम हेरोइन के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना की टीम ने एक अंतरराज्यीय नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 35.47 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान जगसीर खान उर्फ जग्गी पुत्र हजारा खान निवासी लदाल, जिला संगरूर के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उप निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान जाखल क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

### रोगी अल्पाहार वितरण वार्षिकोत्सव आयोजित

**फतेहाबाद।** रतिया रोड स्थित योग दिव्य मंदिर में रोगी अल्पाहार वितरण एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। धर्मपाल चावला ने बताया कि कार्यक्रम के तहत प्रातः हवन यज्ञ का आयोजन हुआ जिसके बाद भजन-कीर्तन तथा दोपहर को श्रद्धालुओं के लिए लंगर प्रसादी वितरित किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव बत्रा द्वारा की गई। इसके अलावा विशिष्ट अतिथियों के रूप में विनोद तायल, उद्योगपति राजकुमार जिंदल और समाजसेवी रविंद्र कुमार चौधरी उपस्थित रहें।

---

### 40 किमी/घंटा की हवाओं से पारा गिरा, पेड़ और बिजली के पोल टूटे

# जिले में अधूरी राहत : कहीं बरसे बादल तो कहीं उमस से लोग बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

जिले में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रविवार देर शाम को मौसम ने अचानक करवट ली और टोहाना में बादल जमकर बरसे। इससे पहले आई आंधी में एक पेड़ की टहनी टूटकर स्कूटी सवार पर जा गिरी जिससे उसकी मौत हो गई। इसके अलावा कई जगह खेतों में बिजली के पोल तथा सड़क व नहर किनारे खड़े वृक्ष टूटकर गिर गए। इस बारिश का असर पूरे जिले में एक समान नहीं दिखा। मौसम वैज्ञानिकों द्वारा 3 से 5 मई के बीच अंधड़ और बारिश की संभावना जताई गई थी, जिसके चलते दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और तेज हवाओं ने मौसम का मिजाज बदल दिया। करीब 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज हवाओं ने तापमान में गिरावट आ गई। रात के समय फतेहाबाद शहर में केवल हल्की बूंदाबांदी ही दर्ज की गई।



**फतेहाबाद।** टोहाना क्षेत्र में बांधी से गिरा बिजली का खंबा।

#### गर्मी से मिली कुछ राहत

*जिले में बारिश के असमान वितरण के कारण जहां टोहाना क्षेत्र में मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं अन्य क्षेत्रों में गर्मी का असर बरकरार रहा। उमस बढने से लोगों की परेशानी भी बढ़ी है। इस बारिश को किसानों के लिए आंशिक राहत माना जा रहा है। जिन क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हुई है, वहां खड़ी फसलों और आगामी बुवाई के लिए नमी में सुधार हुआ है, लेकिन जिन इलाकों में बारिश नहीं हुई वहां किसानों को अभी भी सिंचाई पर निर्भर रहना पड़ेगा। मौसम विभाग के अनुसार 5 मई तक पश्चिमी विक्षोभ का असर बना रह सकता है। इस दौरान कहीं-कहीं हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है, जिससे तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा।*

#### रतिया, भूना, जाखल और कुलां क्षेत्रों में नहीं हुई बरसात

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार 3 मई सुबह 8 बजे से 4 मई सुबह 8 बजे तक जिले में सबसे अधिक 30 एमएम बारिश टोहाना में दर्ज की गई। इसके अलावा भट्टूकला में 7 एमएम और फतेहाबाद मुख्यालय पर मात्र एक एमएम वर्षा हुई। वहीं रतिया, भूना, जाखल और कुलां जैसे क्षेत्रों में बारिश नहीं होने से लोग उमस और गर्मी से परेशान रहे। बारिश और तेज हवाओं के चलते जिले के तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि दो दिन पहले यही तापमान 41 और 29 डिग्री के आसपास था। इस तरह अधिकतम तापमान में करीब 8 डिग्री की गिरावट आई है, जिससे लोगों को आंशिक राहत मिली है।

#### सिरसा : तेज आंधी से गिरे पड़े, मार्ग बाधित

**सिरसा।** डिंग क्षेत्र में तेज आंधी डिंग मार्ग पर पेड़ गिर गए जिसके चलते यातायात प्रभावित रहा। रविवार देर रात से शुरू हुई आंधी सोमवार सुबह तक जारी रहीं, जिससे कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित रही। डिंग मोड़ से डिंग मंडी रोड पर एक बड़ा पेड़ गिरने से डिंग-डिंग मोड़ मार्ग कई घंटों तक बाधित रहा, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मार्ग बंद होने के कारण लोगों को ढाणी माजरा जरनैली सडक़ से होकर सफर तय करना पड़ा। सुबह के समय राहगीरों और वाहन चालकों को वैकल्पिक रास्ते का सहारा लेना पड़ा। तेज हवाओं के चलते बिजली के तारों पर भी असर पड़ा, जिससे कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। किसान रामपाल ने बताया कि क्षेत्र में नरमे की बिजाई हाल ही में हुई है। तेज हवा और आंधी के कारण कुछ स्थानों पर नरमे की फसल को नुकसान पहुंचा है।



**सिरसा।** आंधी के चलते सडक़ पर गिरा पेड़।

---

### प्रशासन की लोगों से अपील और जागरूकता अभियान पड़ रहे बेअसर

## रात के अंधेरे में सुलगते खेत अवशेष जलाने से बढ़ा खतरा



**टोहाना।** खेतों में जलते फसल अवशेष।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| टोहाना

जिलेभर में इन दिनों फसल अवशेष जलाने की घटनाओं ने गंभीर रूप ले लिया है, जिससे पर्यावरण और कृषि भूमि दोनों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। टोहाना के निकट मुख्य सडक़ के किनारे खेतों में खुलेआम फसल अवशेष जलाने के ताजा मामले सामने आए हैं, जो प्रशासन के दावों और जागरूकता अभियानों की जमीनी हकीकत बयां कर रहे हैं। हैरानीजनक स्थिति यह है कि जहां दिन के उजाले में पुलिस, प्रशासन और कृषि विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर किसानों को आग न लगाने के लिए प्रेरित कर रही हैं, वहीं रात के अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों में धड़ल्ले से आग लगाई जा रही है। टोहाना से लेकर विभिन्न ब्लॉकों तक रात के समय उठती आग की लपटें अब आम दृश्य बन गई हैं।

#### जीव-जंतुओं को भी खतरा

सामाजिक कार्यकर्ता और सहारा रेस्क्यू टीम के प्रमुख नवजोत सिंह ढिल्लों ने इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि आगजनी की इन घटनाओं से वन विभाग की हरियाली और सडक़ किनारे लगे पेड़-पौधों को भारी क्षति पहुंच रही है। आग की चपेट में आने से न केवल छोटे पौधे नष्ट हो रहे हैं, बल्कि खेतों में रहने वाले अनगिनत जीव-जंतु भी जलकर मर रहे हैं। यद्यपि किसान अगली फसल की तैयारी और धान की बुवाई का हवाला देकर आग लगा रहे हैं, लेकिन कृषि विशेषज्ञों ने इसे मिट्टी के लिए आत्मघाती कदम बताया है। विशेषज्ञों के अनुसार, फसल अवशेष जलाने से भूमि की उपजाऊ शक्ति क्षीण हो जाती है और लगभग 90 प्रतिशत नाइट्रोजन के साथ-साथ मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव भी खत्म हो जाते हैं।

---

## भाजपा की जीत पर बांटी जलेबियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

पश्चिम बंगाल, पांडुचेरी व आसाम में भाजपा की जीत पर सोमवार को भूना रोड स्थित बीजेपी जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा के नेतृत्व में जलेबियां बांटकर तथा ढोल-नगाड़ों पर झूमकर खुशी मनाई गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे परिसर में जश्न का माहौल बना रहा। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की और ढोल-नगाड़ों पर जमकर नृत्य किया। प्रवीण जोड़ा ने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों और पार्टी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है।



#### तीन राज्यों में हुई प्रचंड जीत

*बीजेपी जिलाध्यक्ष ने कहा कि तीनों राज्यों में भाजपा की प्रचण्ड जीत ने यह साबित कर दिया है कि देश की जनता ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र को दिल से स्वीकार किया है। यह जीत केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि देश की जनता के विश्वास की जीत है। जनता ने विकास, पारदर्शिता और मजबूत नेतृत्व को चुना है और विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को पूरी तरह से नकार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया है, चाहे वह किसान हो, युवा हो, महिलाएं हों या गरीब वर्ग। केंद्र सरकार की योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचा है, जिससे लोगों का विश्वास भाजपा के प्रति और मजबूत हुआ है।*

---

## भजनलाल पर टिप्पणी से बवाल: सड़कों पर उतरा सर्व समाज

### सांसद रेखा शर्मा के खिलाफ एफआईआर की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजनलाल को लेकर भाजपा की राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा द्वारा दी गई कथित टिप्पणी ने राजनीतिक और सामाजिक तूल पकड़ लिया है। फतेहाबाद के टोहाना में इस बयान के विरोध में सर्व समाज के लोगों ने सड़कों पर उतरकर अपना आक्रोश जताया। सोमवार को भारी संख्या में एकत्रित हुए लोगों ने सांसद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और सदर थाना पुलिस को ज्ञापन सौंपकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

सर्व समाज के बैनर तले एकजुट हुए प्रदर्शनकारियों ने टोहाना के सदर पुलिस स्टेशन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी हरदयाल सिंह को लिखित शिकायत सौंपी। सर्व समाज के सदस्य ईश्वर बोस्ती ने बताया कि पंचकूला में एक कार्यक्रम के दौरान सांसद रेखा शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री के लिए जिन अपशब्दों का प्रयोग किया, उससे न केवल उनके समर्थकों बल्कि पूरे प्रदेश की जनता की भावनाएं आहत हुई हैं।



**टोहाना।** थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए सर्व समाज के लोग।

#### कार्रवाई न होने पर जताई नाराजगी

*प्रदर्शनकारियों ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि इतना बड़ा विवाद होने के बावजूद भाजपा के शीर्ष नेता और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। सुनील बिश्नोई ने सांसद रेखा शर्मा पर सीधा हमला बोलते हुए उन्हें थोपी हुई सांसद करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सांसद को सार्वजनिक मर्यादाओं का ज्ञान नहीं है। समाज के प्रतिनिधियों ने मांग की है कि रेखा शर्मा सार्वजनिक रूप से अपने बयान पर माफी मांगें।*

---

#### किसानों को 1344.77 करोड़ का भुगतान

### फतेहाबाद में 76.63 प्रतिशत गेहूं का उठान कार्य हुआ पूरा

**फतेहाबाद।** जिला में गेहूं खरीद कार्य सुचारू रूप से जारी है और इसके साथ ही उठान प्रक्रिया में भी निरंतर तेजी बनी हुई है। अब तक 5 लाख 57 हजार 164 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है, जो कुल खरीद का 76.63 प्रतिशत है। डीसी डॉ. विवेक भारती के निर्देशानुसार सभी खरीद एजेंसियां इस कार्य में सक्रिय रूप से जुटी हुई हैं। जिला में अब तक कुल 7 लाख 59 हजार 539 मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज की गई है, जिसमें से 7 लाख 27 हजार 68 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। फूड सप्लाई विभाग ने 1 लाख 73 हजार 225 मीट्रिक टन, हैफेड ने 3 लाख 12 हजार 291 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 2 लाख 27 हजार 559 मीट्रिक टन की खरीद की है। अब तक किसानों को 1344.77 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

#### प्रगणकों का किया मार्गदर्शन

### एसडीएम ने गांवों में जनगणना कार्य का लिया जायजा

**टोहाना।** एसडीएम आकाश शर्मा ने गांव इंदाछोई, अकावाली, जमालपुर, खनौरा और हैदरवाला का दौरा कर जनगणना 2027 के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सुपरवाइजर और प्रगणकों के साथ बैठक कर मकान सूचीकरण कार्य को व्यवस्थित और सटीक ढंग से पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम ने कहा कि जनगणना का यह चरण अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके तहत 1 मई से जिले में मकान सूचीकरण का कार्य शुरू हो चुका है और यह 30 मई तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के दौरान घर-घर जाकर परिवारों से 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित की जाएगी, जिससे भविष्य की योजनाओं के निर्माण में सहायता मिलेगी।

#### डायल 112 पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

### युवक को टक्कर मारकर चालक फरार, समय पर नहीं पहुंची एम्बुलेंस

**फतेहाबाद।** शहर के थाना रोड पर कार ड्राइवर ने एक युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक घायल होकर सडक़ किनारे गिर पड़ा और काफी देर तक वहीं तड़पता रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। एम्बुलेंस के हेल्पलाइन नंबर 108 पर कॉल की गई। मगर काफी देर तक एम्बुलेंस नहीं पहुंची। इसके बाद डायल 112 पर भी सूचना दी गई। डायल 112 गाड़ी लेकर मौके पर आए पुलिसकर्मियों ने उसे उठाकर गाड़ी में डाला और सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि घायल हुआ युवक पहले सडक़ के बीचों-बीच चल रहा था और नशे की हालत में था। इसी दौरान रात करीब 10.30 बजे एक कार ड्राइवर वहां से गुजरा और उसे टक्कर मार दी।

#### कैमरे का मुंह घुमाया

### सरकारी डिपो और दुकान में घुसे चोर, सामान-नकदी चुराई

**फतेहाबाद।** गांव बहबलपुर में दो चोरों ने सरकारी डिपो और दो दुकानों का ताला तोडक़र उसमें रखा सामान व हजारों रुपए की नकदी चोरी कर ली। दुकानदारों को सुबह चोरी का पता चला। इसके बाद सदर थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पूरी जानकारी ली। सीसीटीवी फुटेज में भी चोर नजर आ रहे हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। डिपो संचालक अशोक कुमार ने बताया कि वह घर में ही सरकारी डिपो चलाते हैं। जिसमें राशन संबंधी सामान पड़ा था। चोर दरवाजे का ताला तोडक़र डिपो से राशन का सामान चोरी कर ले गए। वहीं, दूसरे घर में दुकान चलाते हैं, उसके भी ताले तोडक़र करीब 50 हजार रुपए की नकदी व सामान चोरी कर ले गए। दुकानदार गगनदीप ने बताया कि इन चोरों ने दुकान में घुसते ही सबसे पहले कैमरे का मुंह नीचे कर दिया।

---

### एसपी ने लोगों की शिकायतों का किया समाधान

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने सोमवार अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाकर लोगों की शिकायतों का निवारण किया। एसपी ने प्रत्येक फरियादी की बात को पूरी गंभीरता और धैर्य के साथ सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों और अधिकारियों को फोन कर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों में मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया, जिससे फरियादियों के चेहरों पर संतोष स्पष्ट नजर आया। जो लोग दफ्तर में मायूस होकर पहुंचे थे, वे बाहर निकलते समय संतुष्टि और न्याय की उम्मीद के साथ लौटे। जनता दरबार से बाहर आए एक बुजुर्ग फरियादी ने कहा कि साहब ने हमारी बात बड़े ध्यान से सुनी और तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए। ऐसे अधिकारी होने से आम जनता को न्याय के लिए भटकना नहीं पड़ता। एसपी दीपक सहारण ने कहा कि पुलिस की पहली प्राथमिकता रहती है कि हर फरियादी को शीघ्र अतिशीघ्र न्याय दिलाया जाए ताकि समाज में पुलिस के प्रति एक सकारात्मक संदेश जाए और लोगों का पुलिस के प्रति और अधिक विश्वास बढ़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र न्याय मिलेगा, तो वह स्वयं को सुरक्षित महसूस करेगा और इससे समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि मजबूत होगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपनी शिकायतें पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थापित फीडबैक सेल में दर्ज कराएं।



---

### क्रॉस वोटिंग मामले के बाद कांग्रेस विधायक जरनैल सिंह ने गोशालाओं को बांटे चेक, सीएम सैनी को बताया सबसे 'नायब'

# इतिहास : पहली बार विपक्षी विधायक बने सरकारी कार्यक्रम के चीफ गेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रतिया

राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग मामले में कांग्रेस से निलंबित चल रहे रतिया विधायक जरनैल सिंह की सत्ता पक्ष के साथ नजदीकियां अब सार्वजनिक कार्यक्रमों में तवज्जो के रूप में तब्दील होने लगी हैं। सोमवार को रतिया में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम में जरनैल सिंह को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया, जो जिले में संभवतः पहला अवसर है जब किसी विपक्षी विधायक को सरकारी मंच पर इतनी अहमियत दी गई है। श्री कृष्ण गोशाला रतिया में आयोजित हरियाणा सरकार के हरा चारा अनुदान राशि वितरण कार्यक्रम में विधायक जरनैल सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने संयुक्त रूप से शिरकत की। इस दौरान रतिया खंड की 15 गऊशालाओं को 1 करोड़ 71 लाख 24 हजार 860 रुपये के अनुदान राशि के चेक वितरित किए। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विशेष निर्देशों के बाद ही विधायक जरनैल सिंह को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की कमान सौंपी गई।




**रतिया।** गोशाला संचालकों को चैक वितरित करते विधायक जरनैन सिंह।

#### मुख्यमंत्री नायब सैनी की जमकर की प्रशंसा

मंच से संबोधित करते हुए विधायक जरनैल सिंह के तेवर पूरी तरह बदले हुए नजर आए। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें प्रदेश का सबसे बेहतरीन और कर्मठ मुख्यमंत्री करार दिया। जरनैल सिंह ने कहा, अपने लंबे राजनीतिक अनुभव के आधार पर मैं कह सकता हूं कि नायब सिंह सैनी एक जनहितैषी मुख्यमंत्री हैं। वे अपने नाम की तरह ही 'नायब' और 'अनमोल' हैं, जो आम जनता के कार्यों को प्राथमिकता देते हैं। विधायक ने यह भी दावा किया कि उनके द्वारा रतिया के विकास के लिए रखे गए प्रस्तावों पर मुख्यमंत्री तुरंत सकारात्मक निर्णय लेते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि हरियाणा सरकार गोवंश के संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा गोशालाओं और नंदी शालाओं के लिए विशेष बजट आवंटित किया जा रहा है ताकि प्रदेश में हरे चारे की कोई कमी न रहे। कार्यक्रम के दौरान कृष्ण गोशाला के सदस्यों ने शहर के रामबाग के लिए भी अनुदान की मांग रखी, जिस पर विधायक ने शीघ्र सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। विपक्षी दल के विधायक का भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सरकारी योजनाओं का लाभ बांटना रतिया की राजनीति में नए समीकरणों की ओर इशारा कर रहा है। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा, अग्रवाल सभा अध्यक्ष प्रमोद बंसल, सोनू ग्रोवर, रमेश गर्ग पप्पू, दर्शन गर्ग काका और संजय मोदी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व सरपंच उपस्थित रहे।



विशेष
मातृ दिवस
10 मई

# मां तुम हो सबसे प्यारी... सबसे न्यारी...

मां के बारे में कितना भी कहा जाए, लिखा जाए, कम ही होगा। उसकी ममता की कोई थाह नहीं, उसके त्याग की कोई सीमा नहीं। संतान के हित के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने को तत्पर मां की महानता का वर्णन संभव नहीं। सच! इस दुनिया में कोई रिश्ता नहीं, जो मां जैसा प्यारा हो, मां जैसा न्यारा हो।

कवर स्टोरी
**शिखर चंद जैन**

बिन कहे जो आपकी बात समझ जाए, जिससे बात करके मन हल्का हो जाए, जिसकी गोद में सिर रखकर कुछ पल बैठ जाएं तो स्वर्ग-सा सुख मिले, ऐसा शख्स मां के बिना भला कौन हो सकता है! अपनी संतान से मां का रिश्ता सृष्टि में सबसे सुंदर और अद्वितीय होता है। यह रिश्ता सिर्फ भावनाओं का संगम नहीं, त्याग, शक्ति और अटूट विश्वास की एक अनूठी कहानी है। मां का रिश्ता दुनिया के हर रिश्ते से अलग और बेहद महत्वपूर्ण होता है। मां का रिश्ता एक ऐसी अनमोल विरासत है। एक महिला के रूप में, मां होना पूर्णता का अहसास है और एक संतान के रूप में, मां का होना ईश्वर का वरदान है।

## सृष्टि का आधार मां की सृजन-शक्ति

मां का रिश्ता दुनिया का इकलौता ऐसा रिश्ता है, जो जन्म से पहले ही शुरू हो जाता है। नौ महीने तक एक नन्ही-सी जान को अपने भीतर सींचना, उसे अपना रक्त और पोषण देना, यह एक ईश्वरीय अनुभव है। दुनिया का कोई भी दूसरा रिश्ता इस स्तर के शारीरिक और आत्मिक जुड़ाव से नहीं बनता। मां एक 'क्रिएटर' है, यही उसे बाकी सब नातों से ऊपर रखता है। 'मां' केवल एक शब्द नहीं, संपूर्ण सृष्टि का आधार है। भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मान्यताओं में मां को ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति के रूप में देखा जाता है। मां ही वह शक्ति है, जिसके बिना जीवन की कल्पना करना असंभव है। कई धार्मिक विचारों में मां को ईश्वर का साकार रूप माना गया है, क्योंकि जिस प्रकार परमात्मा सृष्टि का आधार है, उसी प्रकार मां अपने परिवार और भावी पीढ़ी का आधार होती है।

## पहली गुरु और मार्गदर्शक

मां न केवल जीवन देती है, बल्कि जीवन जीने का सही तरीका और संस्कार भी सिखाती है। एक बच्चा अपनी पहली शिक्षा किसी स्कूल से नहीं, बल्कि अपनी मां की गोद से प्राप्त करता है। भाषा, संस्कार, सही-गलत की पहचान और दुनिया को देखने का नजरिया सब मां ही सिखाती है। मां ही बच्चे की पहली मेंटर होती है। वह बिना किसी डिग्री के भी जीवन के सबसे कठिन पाठ पढ़ा देती है। इसीलिए मां को हमारे जीवन की पहली गुरु और मार्गदर्शक माना जाता है। मां ही बच्चे के साथ सबसे अधिक समय बिताती है, उसे जीवन के प्रारंभिक पाठ सिखाती है। मां की सिखाई बातें जीवन भर अपनी संतान का मार्गदर्शन करती हैं।

## निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा



मां के निःस्वार्थ प्रेम और समर्पण के कारण ही उसे जीवनदाता और सबसे अच्छी दोस्त भी कहा जाता है। आज की व्यावसायिक दुनिया में हर रिश्ता किसी न किसी उम्मीद या लेन-देन पर टिका होता है। लेकिन मां का प्यार 'अनकंडीशनल' होता है। बच्चा चाहे कितना भी बड़ा हो जाए, सफल हो या असफल, मां के लिए वह हमेशा वही मासूम जान रहता है। उसका प्यार बदले में कुछ नहीं मांगता, बस अपने बच्चे की मुस्कुराहट चाहता है। मां का स्नेह, त्याग और ममता न केवल बच्चों का मार्गदर्शन करती है, बल्कि समाज और मानवता की नींव भी रखती है।

## अनकही बातों को समझने का हुनर

दुनिया के हर रिश्ते में अपनी बात समझाने के लिए शब्दों का सहारा लेना पड़ता है, लेकिन मां के साथ ऐसा नहीं है। आपकी आंखों की नमी, आपकी आवाज की खनक या आपकी चुप्पी, मां सब कुछ बिना कहे समझ लेती है। यह 'इंट्यूशन' और 'टेलीपैथी' जैसा जुड़ाव केवल मां के साथ होता है। 'मां' के पास अपनी संतान की अनकही बातों को समझने का जो हुनर होता है, वह शब्दों का मोहताज नहीं होता। यह गुण केवल एक मां ही रख सकती है, जिसे दुनिया के किसी और रिश्ते में पाना लगभग असंभव है। एक मां का दिल वह खजाना है, जिसमें केवल त्याग और प्रेम भरा होता है। मां न केवल अपनी संतान की भावनाओं को समझती है, बल्कि उनमें गहरी रुचि और परवाह भी दिखाती है। चाहे रोते हुए बच्चे को चुप कराना हो या किसी जटिल बात को सरलता से समझाना, मां, संचार के इस कौशल में माहिर होती है। मां का धैर्य, उसका निःस्वार्थ प्रेम ही उसे बच्चे के मन की उन बातों को भांपने की शक्ति देता है, जो वह कभी नहीं कह पाता।

## सबसे सुरक्षित आश्रय

बाहर की दुनिया कितनी भी कठोर क्यों न हो, जब एक बच्चा अपनी मां की गोद में सिर रखता है, तो उसे दुनिया का सबसे सुरक्षित कोना महसूस होता है। मां की गोद को दुनिया का सबसे सुरक्षित आश्रय मानने के पीछे केवल भावनाएं ही नहीं, बल्कि ठोस वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक शोध निष्कर्ष भी हैं। रिसर्च के अनुसार, मां के साथ शारीरिक संपर्क (जैसे गोद में बैठना या गले लगना) शरीर में ऑक्सीटोसिन हार्मोन को रिलीज करता है। यह हार्मोन तनाव को कम करता है, सुरक्षा का अहसास दिलाता है और मां-बच्चे के बीच एक अटूट बंधन बनाता है। अध्ययनों से पता चला है कि मां का स्पर्श और उसकी मौजूदगी बच्चे के शरीर में कोर्टिसोल (तनाव बढ़ाने वाला हार्मोन) के स्तर को कम कर देती है। इससे बच्चा खुद को शांत और सुरक्षित महसूस करता है। सिंगापुर में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, जो बच्चे मां के अधिक संपर्क में रहते हैं, उनके 'सोशल ब्रेन' का विकास बेहतर होता है। यह उन्हें भावनाओं को समझने और सामाजिक रूप से सक्रिय बनने में मदद करता है। मनोवैज्ञानिक जॉन बाउल्बी की 'अटैचमेंट थ्योरी' बताती है कि मां की गोद बच्चे के लिए एक 'सिक्योर बेस' (सुरक्षित आधार) का काम करती है। जब बच्चा यहां सुरक्षित महसूस करता है, तभी उसमें बाहर की दुनिया को एक्सप्लोर करने का आत्मविश्वास आता है। 'कंगारू केयर' (त्वचा से त्वचा का संपर्क) पर हुई रिसर्च बताती है कि मां की गोद में रहने से शिशुओं के दिल की धड़कन और शरीर का तापमान स्थिर रहता है, जिससे उनका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है।



## विशाल हृदयी-त्याग की मूरत मां

**एक महिला** जब मां बनती है, तो वह अपनी नींद, अपनी पसंद, अपना करियर और कभी-कभी अपनी पहचान तक को पीछे छोड़ देती है। सबसे रोचक बात यह है कि वह इसे 'त्याग' नहीं मानती, बल्कि अपनी खुशी मानती है। अपनी थाली की आखिरी रोटी बच्चे को खिलाकर पेट भरा हुआ महसूस करना, यह जादू सिर्फ मां कर सकती है। इंसान गलतियों का पुतला है, और हम अकसर जाने-अनजाने अपनों का ही दिल दुखाते रहते हैं। जहां दूसरे रिश्ते छोटी-सी ठेस से टूट जाते हैं या उनमें दरार आ जाती है, मां का दिल वह समंदर है, जो आपकी हर गलती को समा लेता है। वह डांटती है, नाराज होती है, लेकिन कभी आपका हाथ नहीं छोड़ती। उसका विशाल हृदय संतान को क्षमा करने में देर नहीं करता। जब पूरी दुनिया आप पर शक करती है, तब मां ही होती है, जिसे यकीन होता है कि आप सब कुछ कर सकते हैं। मां का 'मेरा बच्चा सबसे अच्छा है' वाला विश्वास हमें बड़े से बड़े संकट से लड़ने की शक्ति देता है। मां का भरोसा ही वह चेतना जगाती है, जिससे हमारा आत्मविश्वास चमकता है।

# प्यार से सिखाते-समझाते हुए अपनी मां को बनाएं टेक्नो-स्मार्ट

आप जरूर चाहेंगी कि जैसे स्मार्ट फोन और गैजेट्स के जरिए रोजमर्रा के ढेरों काम आसानी से कर लेती हैं, वैसे ही आपकी मम्मी भी कर लें। इसके लिए आपको ही उनकी हेल्प करनी होगी। उन्हें आप बहुत आसानी से टेक्नो-स्मार्ट बना सकती हैं।

सजेशन
**ललिता गोयल**



आज के डिजिटल दौर में मॉम को भी टेक्नो-फ्रेंडली होना बहुत जरूरी है। इससे उनको अपनी फेवरेट रेसिपी ढूंढने या अपने रिलेटिव्स से बात करने के लिए किसी की मदद का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वे खाली समय में अपना एंटरटेनमेंट कर पाएंगी, इससे उन्हें खुशी मिलेगी और उनका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा। आप बहुत आसानी से मॉम को टेक्नो-स्मार्ट बना सकती हैं। इसकी शुरुआत मदर्स-डे से कर सकती हैं।

**दोस्त बनकर सिखाएं:** अगर टेक्नोलॉजी से जुड़ी मां को एक बार में कोई बात समझ नहीं आ रही तो परेशान या इरिटेट न हों। एक दोस्त की तरह व्यवहार करें, बार-बार प्यार से समझाएं। एक उम्र के बाद टेक्नोलॉजी से जुड़ी बातें सीखने में डर, हिचक होती ही है। ऐसे में उन्हें प्यार से समझाएं, उनका हौसला बढ़ाएं। जैसे आपके बचपन में उन्होंने आपको एक-एक अक्षर और गिनती सिखाई थी, वैसे ही अब आपकी बारी है।



**छोटे कदमों से करें शुरुआत:** सीधे मुश्किल फंक्शंस सिखाने की बजाय, रोजमर्रा की जरूरत वाली चीजें जैसे- व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल, मैसेज टाइप करना, फोटो शेयर करना, यू-ट्यूब पर वीडियो देखना सिखाएं। जब वे इतना सीख जाएं तब उन्हें दूसरी बातों के बारे में बताएं।

**ऑनलाइन फ्रॉड की जानकारी:** अपनी मॉम को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के टिप्स भी जरूर बताएं जैसे कि अनजाने लिंक पर क्लिक न करना और ओटीपी शेयर न करना। अनजान लिंक्स के खतरों के बारे में भी समझाएं ताकि कोई नुकसान न उठाना पड़े।

**एंटरटेनमेंट:** अगर मां को गाने सुनना पसंद हैं, तो उनके फोन पर यू-ट्यूब या स्पॉटीफाई में उनके फेवरेट गानों की प्ले-लिस्ट बना दें। अगर उन्हें किताबें पढ़ना पसंद है, तो ई-बुक्स के बारे में बता सकती हैं। अगर आपकी मां को लिखने का शौक है तो आप उन्हें पर्सनल ब्लॉग बनाना भी सिखा सकती हैं।

**वीडियो कॉलिंग:** अपनी मम्मी को जरूर सिखाएं कि कैसे वे अपनी सहेलियों या रिश्तेदारों से बिना किसी की मदद के वीडियो कॉल कर सकती हैं। अपने करीबियों को देखते हुए बात करना उन्हें बहुत खुशी देगा।

**कैब बुकिंग:** ट्रैवल एप के जरिए मां को कहीं भी आने-जाने के लिए कैब बुकिंग करना भी सिखाएं। इससे कहीं भी अकेले आने-जाने के लिए वे आत्मनिर्भर बनेंगी।

**हेल्थ-फिटनेस नॉलेज:** मां के फोन में कोई योगा एप डाउनलोड कर दें। इनमें 50 से अधिक की उम्र के हिसाब से आसान योगासन और ब्रीदिंग एक्सरसाइज के तरीके मिल जाएंगे। इनकी मदद से उन्हें फिट और हेल्दी रहने में बहुत मदद मिलेगी।

**डिजिटल पेमेंट:** उन्हें यूपीआई से पेमेंट करना जरूर सिखाएं। इससे वे आत्मनिर्भर बनेंगी और जब चाहेंगी अपनी पसंद की शॉपिंग कर सकेंगी। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। जब मां अपनी पसंद की चीजों को डिजिटल तरीके से खुद एक्सेस कर पाएंगी, तो उन्हें बहुत खुशी मिलेगी।

**टेक्नो फ्रेंडली बनने के फायदे:** जब आपकी मॉम टेक्नोस्मार्ट हो जाएंगी तो यह कई तरीके से उनके लिए फायदेमंद होगा।

- वे घर बैठे ऑनलाइन सामान ऑर्डर कर सकती हैं।
- वे डिजिटल माध्यम से दूर बैठे परिवार वालों से आसानी से जुड़ सकती हैं।
- वे नई चीजें सीखकर नॉलेज बढ़ा सकती हैं।
- अपने खाली समय में एंटरटेनमेंट कर सकती हैं, इससे उन्हें बोरियत नहीं होगी।

# हर तरह के मैनेजमेंट स्किल में एक्सपर्ट होती हैं मदर्स

मांएं हर परिवार की धुरी होती हैं। एक साथ कई-कई भूमिकाएं निभाने में एक्सपर्ट मांओं का मैनेजमेंट स्किल कमाल का होता है। हर सदस्य की जरूरत और खुशी का ध्यान रखने में उनका जवाब नहीं होता है। तभी तो हम सब मानते हैं, मां जैसा कोई नहीं।

स्पेशल क्वालिटी
**अंजू जैन**



पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, स्ट्रेटेजी, टीम लीडर जैसे भारी भरकम शब्दों का इस्तेमाल किए बिना ही शानदार मैनेजमेंट स्किल का प्रदर्शन करने में एक्सपर्ट होती हैं हम सभी की मांएं। हम उन्हें एक कुशल प्रबंधक की तरह काम करते हुए देखते हैं मगर कभी इस पर ध्यान नहीं दे पाते। कैसे हमारी मां घर को एक सुचारू रूप से चलने वाले प्रोजेक्ट या कंपनी की तरह संभालती हैं, अनजान लोगों, रिश्तेदारों, फाइनेंस, टाइम टेबल, मुसीबतों, बाजार और भावनाओं को एक साथ संतुलित करती हैं। इस पर गौर करेंगे तो पाएंगे कि उनकी मैनेजमेंट स्किल्स किसी कॉर्पोरेट कंपनी के सीईओ यानी मुख्य कार्यकारी अधिकारी से किसी मायने में कम नहीं हैं। मां बिना किसी ऐसी डिग्री के एक पूरे संस्थान यानी परिवार और घर को सुचारु रूप से चलाती हैं।

**बजट और वित्तीय योजना:** सीमित संसाधनों में घर को बेहतरीन तरीके से चलाना और भविष्य के लिए बचत करना मांओं को एक कुशल 'फाइनेंसियल मैनेजर और एडवाइजर' बनाता है। वे बिना किसी ट्रेनिंग के घर की 'चीफ फाइनेंसियल ऑफिसर' की तरह काम करती हैं। घर में उपलब्ध संसाधनों का बेहतरीन और अधिकाधिक उपयोग करना मांओं की विशेषता होती है। वे जानती हैं कि बजट कैसे बनाया जाए, आने वाले खर्चों के लिए तैयारी कैसे की जाए और अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए धनराशि कैसे बचाई जाए?



**समझती हैं अपनी प्राथमिकताएं:** सबसे पहले और सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण क्या है, यह एक मां से बेहतर कौन समझ सकता है? मां की दिनचर्या को एक दिन के लिए देखें कि वे प्राथमिकताओं को कैसे निर्धारित करती हैं? वे समझती हैं कि कब किस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है और कब उसे शांति से टाला जा सकता है? बच्चे का स्वास्थ्य, उसके स्कूल जाने-आने का समय, खाना बनाने और परोसने का टाइम या पारिवारिक संकट हमेशा उनकी प्राथमिकता में होते हैं। घर के सभी कार्य उनकी व्यस्त रूटीन में समायोजित हो जाते हैं। ठीक वैसे ही जैसे कोई माहिर कॉर्पोरेट मैनेजर करता है।

**कई रोल्स में बैलेंस करना:** मां खाना बनाने, साफ-सफाई से लेकर घरेलू कार्यक्रमों का आयोजन करने तक, हर काम को कुशलतापूर्वक संभालती हैं। शादी जैसा बड़ा इवेंट भी वे बखूबी मैनेज कर लेती हैं। वे लगातार अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि परिवार का हित प्रभावित न हो और यह सुचारु रूप से चलता रहे। एक साथ कई भूमिकाएं निभाने और कई प्रतिभाएं, गुण रखने को विशेषज्ञता को पालीमैथ कहा जाता है। मम्मियां इसमें दक्ष होती हैं।

**अच्छी रोल मॉडल:** मांएं अपने परिवार के लिए उदाहरण के तौर पर मौजूद रहती हैं। वे अनुशासन, धैर्य या मेहनत के बारे में सिर्फ किताबी बातें नहीं करतीं, बल्कि हर दिन इसे अपने जीवन में उतारती हैं। उनके बच्चे, पति और सभी परिजन इसे प्रत्यक्ष देखते हैं तो वे प्रेरित होते हैं।


**मल्टी-टास्कर:** मल्टी-टास्किंग के मामले में मम्मियों को दुनिया में सबसे बेहतरीन माना जाता है। एक मां एक ही समय में खाना बना सकती है, बच्चे की पढ़ाई पर नजर रख सकती है और घर के अन्य जरूरी कामों की योजना बना सकती है। मां एक साथ कई भूमिकाएं निभाती हैं जैसे टीचर, कुक, कंसल्टेंट और चीयरलीडर। यह क्षमता उन्हें जटिल परिस्थितियों में भी कार्यकुशल बनाए रखती है।

# प्रॉपर मेकअप से मां दिखेंगी सिंपल-सोबर

मेकअप
**सरिता गुप्ता**

जिस तरह का मेकअप यंग एज में किया जाता है, वैसा मिड एज में नहीं किया जा सकता है। दरअसल, बढ़ती उम्र के साथ त्वचा में कई बदलाव आने लगते हैं, जैसे झुर्रियां, ढीलापन, ड्रायनेस और पिग्मेंटेशन। ऐसे में मेकअप का तरीका भी बदलना जरूरी हो जाता है। सही मेकअप न केवल चेहरे की कमियों को छिपाता है बल्कि नेचुरल ग्लो भी बढ़ाता है। इस मदर्स-डे पर, अपनी मां को एक नया सिंपल-सोबर लुक देने के लिए आप यहां बताए जा रहे मेकअप स्टेप्स फॉलो करें। यकीन मानिए, आपकी मॉम और भी प्यारी दिखने लगेंगी।

**स्किन केयर से करें शुरुआत:** मेकअप से पहले स्किन को प्रिपेयर करना बहुत जरूरी है। उम्र बढ़ने के साथ स्किन ड्राय होने लगती है। इसलिए सबसे पहले मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। फिर हाइड्रेटिंग सीरम और प्राइमर का उपयोग करें। इसकी मदद से मेकअप स्मूथ लगता है और लंबे समय तक टिका रहता है।



**लाइटवेट फाउंडेशन का करें चुनाव:** हैवी फाउंडेशन झुर्रियों को और उभार सकता है। इसलिए हमेशा लाइटवेट और हाइड्रेटिंग फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। बीबी क्रीम या सीसी क्रीम भी अच्छा विकल्प है। इसे स्पंज या ब्रश की मदद से हल्के हाथों से लगाएं ताकि स्किन नेचुरल दिखे।

**कंसीलर का सही इस्तेमाल:** आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स को छिपाने के लिए कंसीलर का उपयोग करें, लेकिन बहुत ज्यादा मात्रा में इसे न लगाएं। हल्के हाथों से ब्लेंड करें ताकि फाइन लाइंस में प्रोडक्ट जमा न हो।

**पावडर कम लगाएं:** मेकअप में कम पावडर का इस्तेमाल करें। अधिक पावडर लगाने से चेहरा ड्राय और केकी दिख सकता है। सिर्फ टी-जोन (माथा, नाक और ठोड़ी) पर ही हल्का-सा कॉम्पैक्ट पावडर लगाएं। इस सीजन में ट्रांसलूसेंट पावडर बेहतर रहता है।

**सॉफ्ट-न्यूट्रल आई मेकअप:** बढ़ती उम्र में आई मेकअप को हल्का और सॉफ्ट रखना चाहिए। ब्राउन, पीच या न्यूड शेड्स का इस्तेमाल करें। बहुत ज्यादा ग्लिटर या डार्क शेड्स अप्लाई करने से बचें। आईलाइनर पतला लगाएं और मस्कारा से पलकों को हल्का वॉल्यूम दें। इसके बाद आइब्रो पेंसिल से आइब्रोज को हल्की सी शेप दें।

**नेचुरल ग्लो के लिए ब्लशर:** बढ़ती उम्र में क्रीम ब्लश का इस्तेमाल करना ठीक रहता है क्योंकि यह स्किन को हाइड्रेटेड लुक देता है। पीच या पिंक शेड चेहरे को फ्रेश और यंग लुक देते हैं।

**लिपस्टिक के शेड्स:** डार्क और बहुत ब्राइट कलर्स की बजाय सॉफ्ट शेड्स जैसे रोज, पिंक, पीच या न्यूड शेड्स के लिपिस्टिक का चुनाव करना सही रहता है। लिप्स को पहले मॉयश्चराइज करें और फिर लिपस्टिक लगाएं ।

**हाइलाइटर का कम यूज:** मेकअप के बाद हल्का-सा हाइलाइटर चेहरे को ग्लो देता है। लेकिन इसका ज्यादा इस्तेमाल न करें।

सबसे जरूरी बात यह है कि सिंपल और एलिगेंट लुक ही बढ़ती उम्र में सबसे ज्यादा खूबसूरत लगता है।

**(मेकअप आर्टिस्ट प्राची गोयल से बातचीत पर आधारित)**

# मॉम रहेंगी मेंटली हेल्दी

आप जरूर चाहेंगी कि बढ़ती एज में भी आपकी मॉम न केवल फिजिकली बल्कि मेंटली भी हेल्दी रहें। इसके लिए आप क्या उपाय आजमा सकती हैं, कैसे उनकी मेंटल हेल्थ का ध्यान रखें, जानिए।

एडवाइस
**डॉ. आरती आनंद**
**सीनियर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट**
**सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली**

हर परिवार में मां-बेटी के बीच गहरा भावनात्मक लगाव होता है। ऐसे में जिम्मेदार बेटी होने के नाते आपका यह फर्ज बनता है कि आप अपनी मम्मी के मन की बातों को भी समझें। आपकी कोशिश होनी चाहिए कि वे तनावमुक्त और प्रसन्न रहें।

**मानसिक सेहत पर प्रभाव:** उम्र के पांचवें दशक में प्रवेश करते ही अधिकतर महिलाओं के जीवन में मेनोपॉज की शुरुआत हो जाती है। इस दौरान उनके शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन की मात्रा घटने लगती है। हॉर्मोन संबंधी असंतुलन के कारण महिलाओं को मूड स्विंग की समस्या होती है। वे तनावग्रस्त रहने लगती हैं। उम्र के इस दौर में बच्चों के करियर, विवाह और रिटायरमेंट के बाद पैदा होने वाले खालीपन के बारे में भी सोचकर महिलाएं घबराने लगती हैं।



**कैसे पहचानें लक्षण:** अगर आपकी मम्मी अकसर सुस्त, चिड़चिड़ी और गुमसुम दिखाई दें या उनकी दिनचर्या और व्यवहार में अचानक कोई बड़ा बदलाव नजर आए, मसलन, कम बोलना, लोगों से मिलने-जुलने से कतराना, एकाग्रता में कमी, निर्णय लेने में घबराहट, रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातें भूल जाना, रात में नींद न आना, सिरदर्द, भोजन में अरुचि, यदि ऐसे कोई भी लक्षण नजर आएं तो उन्हें अनदेखा न करें क्योंकि ये डिप्रेशन, स्ट्रेस और एंग्जाइटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। ऐसे में अपनी मां को इमोशनल सपोर्ट देना आपकी जिम्मेदारी है।



**क्या करना चाहिए:** रोजाना नियमित रूप से अपनी मां के साथ बातचीत के लिए समय निकालें। अगर कभी वह उदास नजर आएं तो उनसे उनकी उदासी का कारण पूछकर उसे दूर करने की कोशिश करें। सहजता से धीरे-धीरे उनके साथ दोस्ताना संबंध विकसित करने की कोशिश करें। जहां तक संभव हो घर के कामकाज में उनका हाथ बंटाएं। रोजाना सुबह जल्दी उठकर उनके साथ योग और मेडिटेशन करें। इससे ब्रेन में एंडोर्फिन नामक हार्मोन रिलीज होता है, जो खुशी का एहसास दिलाने के साथ अच्छी नींद लाने में भी मददगार होता है। इस बात का भी ध्यान रखें कि कहीं आपकी मम्मी को थायरॉइड की समस्या तो नहीं है, उनके शरीर में विटामिन-डी और विटामिन-बी-12 का स्तर सही तो है न? कई बार इनकी कमी के कारण भी महिलाओं को डिप्रेशन और एंग्जाइटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं परेशान करती हैं। अकेलापन सभी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की सबसे बड़ी वजह है, इसलिए उन्हें उनकी रुचि से जुड़ी किसी भी गतिविधि जैसे कीर्तन, सत्संग या किटी पार्टी में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। किसी वीकेंड पर उन्हें अपने साथ शॉपिंग पर या डिनर के लिए लेकर जाएं। इस उम्र में महिलाओं की घरेलू जिम्मेदारियां सीमित हो जाती हैं, ऐसे में उन्हें खालीपन महसूस होने लगता है। इस समस्या से बचाव के लिए उन्हें उनकी उन हॉबीज की याद दिलाएं। उन्हें जो भी कार्य पसंद हो, उसकी दोबारा से शुरूआत करें। ऐसी रचनात्मक सक्रियता से वह हमेशा तनावमुक्त और खुश रहेंगी।

**प्रस्तुति: विनीता**

## खबर संक्षेप

### आरटीए सचिव ने सुनी नागरिकों की शिकायतें

**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें आरटीए सचिव संजय बिश्नोई ने लोगों की शिकायतें सुनी और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आरटीए सचिव ने कहा कि प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समयबद्ध निपटान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और ऐसे शिविर सरकार की जनहितकारी पहल का अहम हिस्सा हैं। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। इनमें परिवार पहचान पत्र में त्रुटियां, अवैध कब्जे, निर्माण कार्यों में अनियमितताएं और पारिवारिक विवाद आदि प्रमुख रूप से शामिल र

### श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता समिति की बैठक

**फतेहाबाद।** श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता समीति की बैठक अरोड़वंश धर्मशाला में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधान दीपक सरदाना ने नई नियुक्तियां की जिसमें नीरज भठेजा को प्रोजेक्ट चेयरमैन, मनोज नारंग, संचेत मुंजाल को वाइस प्रोजेक्ट चेयरमैन, सीमा दत्ता को महिला मंडल की अध्यक्ष, आकाश नारंग को जीओ गीता युवा चेतना का संयोजक, वीना खुराना को शिक्षा प्रमुख, कृष्ण मदान, रोहताश शर्मा को पत्रिका प्रमुख, परीक्षित तनेजा को सोशल मीडिया प्रमुख, नरेन्द्र मोंगा, आकाश नारंग, ऊषा तनेजा, सुमन गाबा को सत्संग प्रमुख, राजेश पराशर को यज्ञ सह-प्रमुख का दायित्व सौंपा गया।

### जलस्रोतों में नहाने से बचें : पुलिस अधीक्षक

**सिरसा।** पुलिस प्रशासन ने गर्मी के मौसम को देखते हुए नदी, नहर, नालों और तालाबों में नहाने से संबंधित अतीत में हुई दुखद घटनाओं का संज्ञान लेते हुए एक विशेष एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी के माध्यम से आमजन, अभिभावकों और युवाओं से अपील की गई है कि वे सावधानी बरतें और जलस्रोतों के आसपास अनावश्यक रूप से जाने से बचें। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर सतर्क नजर रखें और उन्हें नदी, नहर, नालों, तालाबों तथा स्विमिंग पूल जैसी जगहों पर जाने से रोकें। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि बड़ों को देखकर छोटे बच्चे भी नहाने की जिद करते हैं, लेकिन तैरना नहीं आने के कारण वे हादसों का शिकार हो जाते हैं।

### रक्तदान शिविर में 106 यूनिट रक्त एकत्रित

**रतिया।** भारत विकास परिषद् शाखा रतिया द्वारा नीटू गोयल के सहयोग से उनके पिता स्वर्गीय ओमप्रकाश गोयल की याद में उनकी पुण्यतिथि पर अग्रवाल धर्मशाला में 18वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का शुभारंभ शकुंतला देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय ओमप्रकाश गोयल ने ज्योति प्रज्वलित कर के किया। शाखा सचिव लोकेश खुराना ने अतिथियों का स्वागत किया। महिला शाखा प्रबंधक डॉ निधि अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और भारत विकास परिषद् रतिया हर वर्ष यह शिविर लगाती है जो की अत्यंत सराहनीय है।

## दो घंटे किया प्रदर्शन, जीएम को सौंपा ज्ञापन

# रोडवेज चालकों को अग्निशमन विभाग में भेजने पर भड़के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर रोडवेज कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को फतेहाबाद रोडवेज वर्कशॉप के गेट पर कर्मचारियों ने सुबह 10 से 12 बजे तक जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार और विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और बाद में महाप्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व डिपो प्रधान राजकुमार बीघड़, सचिव सुबेसिंह धनाना, सह सचिव विरेन्द्र कुलेरी, जोगिंद्र रेढू, इन्द्रपाल सहारण, सुनील लांधड़ी, सुरेश फौजी, जोगिन्द्र सोनी, राकेश सुथार और अन्य कर्मचारियों ने किया। इस मौके पर विशेष रूप से पहुंचे प्रदेश प्रवक्ता व फतेहाबाद डिपो प्रभारी पृथ्वी सिंह चाहर और संयुक्त कर्मचारी संघ के डिपो प्रधान विजय नागपुर ने कर्मचारियों को संबोधित किया। यूनियन के नेताओं ने कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि दमकल कर्मचारियों की हड़ताल को आज 26 दिन हो चुके हैं लेकिन सरकार इनकी मांगों पर कोई संज्ञान नहीं ले रही है। प्रदेश प्रवक्ता पृथ्वी सिंह चाहर ने कहा कि फरीदाबाद केमिकल फैक्ट्री अग्निकांड में शहीद हुए दो फायर कर्मियों के साथ सरकार भेदभाव कर रही है। उसी हादसे में शहीद हुए पुलिसकर्मी को शहीद का दर्जा, नौकरी और आर्थिक सहायता दी गई, लेकिन फायर कर्मियों को अब तक कुछ नहीं मिला। इसी अन्याय के खिलाफ फायर कर्मी भूख हड़ताल पर हैं। रोडवेज चालकों की ड्यूटी जबरन अग्निशमन विभाग में लगाई जा रही है, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने तर्क दिया कि रोडवेज चालकों को भारी वाहन चलाने का अनुभव तो है, लेकिन उनके पास अग्निशमन के विशेष वाहनों को चलाने का तकनीकी प्रशिक्षण नहीं है। हाल ही में सोनीपत डिपो के एक चालक का उदाहरण देते हुए बताया गया कि ड्यूटी के दौरान वाहन से गिरने के कारण उसके पैर में गंभीर फ्रैक्चर हो गया।

### यात्रियों को भी हो रही परेशानी

यूनियन ने मांग की है कि घायल चालक के इलाज का पूरा खर्च और मुआवजा अग्निशमन विभाग वहन करे और रोडवेज चालकों को तुरंत उनके मूल विभाग में वापस भेजा जाए। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि हरियाणा रोडवेज में पहले से ही चालकों की भारी कमी है। इसके बावजूद चालकों को दूसरे विभागों में भेजा जा रहा है, जिससे बसें डिपो में खड़ी रहती हैं। इससे न केवल आम यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि रोडवेज विभाग की छवि भी धूमिल हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर जल्द संज्ञान नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस प्रदर्शन में काफी संख्या में रोडवेज कर्मचारी उपस्थित रहे।




**सिरसा।** रोडवेज कर्मचरी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजा व नौकरी की मांग

- फायर कर्मचारियों के समर्थन में उतरे रोडवेज कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

हरियाणा रोडवेज कर्मचारियों ने राज्य कमेटी के आह्वान पर सोमवार को फायर कर्मचारियों के समर्थन में बस अड्डा परिसर में रोष प्रदर्शन कर महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। डिपो प्रधान पृथ्वी सिंह चाहर ने दोपहर दो बजे के दौरान बताया कि अग्निशमन विभाग की हड़ताल को आज 26 दिन हो चुके हैं, पर सरकार संज्ञान नहीं ले रही। फरीदाबाद केमिकल फैक्ट्री में आगजनी के दौरान दो फायर कर्मचारियों की मौत हो गई थी। मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता व परिवार के एक-एक सदस्य को नौकरी देने की मांग को लेकर फायर कर्मचारी हड़ताल पर हैं, लेकिन अभी तक सरकार चुप बैठी है। फायर कर्मचारियों की हड़ताल के चलते रोडवेज कर्मचारियों को अग्रशमन विभाग में भेजा गया है, जो कि सरासर गलत है। कर्मचारियों की मांग है कि फायर विभाग में भेजे गए 'त रोडवेज कर्मियों को वापस भेजा जाए। रोडवेज चालकों को अग्निशमन वाहन चलाने का प्रशिक्षण/अनुभव नहीं है। हाल ही में सोनीपत डिपो के एक चालक की ड्यूटी अग्निशमन विभाग में लगाई गई थी। ड्यूटी के दौरान वह अग्निशमन वाहन से गिर गया, जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई। इस मौके पर कर्मचारी नेता सतपाल सिंह रानियां, सतवीर कड़वासरा, कुलदीप सिंह आदि मौजूद थे।

### प्रमुख मांगें

हरियाणा रोडवेज यूनियन की मांग है कि घायल चालक के इलाज का संपूर्ण खर्च एवं उचित मुआवजा अग्निशमन विभाग द्वारा वहन किया जाए। रोडवेज चालकों की ड्यूटी अग्निशमन विभाग अथवा ऐसे अन्य विभागों में न लगाई जाए, जिनके लिए वे प्रशिक्षित नहीं हैं, क्योंकि इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रोडवेज में पहले से ही चालकों की कमी है। अन्य विभागों में ड्यूटी लगाने से रोडवेज की बसें खड़ी रहती हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा होती है और विभाग की बदनामी होती है।

# आरकेजे श्रवण वाणी दिव्यांग केंद्र में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन

- विशेष बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोडऩे की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



**सिरसा।** कंप्यूटर लैब का शुभारंभ करते एडीसी। *फोटो : हरिभूमि*

अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने सोमवार को आरकेजे श्रवण वाणी दिव्यांग केंद्र में नए कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया। यह पहल विशेष बच्चों को आधुनिक डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में डिजिटल शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई कंप्यूटर लैब का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय को कक्षा 8 से बढ़ाकर कक्षा 10 तक करने के लिए प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया। साथ ही विद्यार्थियों के शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए संस्थान परिसर में खेल मैदान के निर्माण बाबत भी विचार विमर्श किया गया।

# 31 मई तक चलेगा हाउस लिस्टिंग कार्य

- विभिन्न क्षेत्रों में प्रगणकों के किए जा रहे कार्य का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** फील्ड में पहुंचकर हाउस लिस्टिंग कार्य का निरीक्षण करते हुए चार्ज अधिकारी एवं तहसीलदार सुरेंद्र सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

जनगणना कार्य के तहत जिला में हाउस लिस्टिंग का कार्य विधिवत रूप से शुरू हो चुका है। प्रशासन द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार यह कार्य 31 मई तक लगातार जारी रहेगा। इस महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए जिला भर में गठित सभी टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य प्रारंभ कर दिया है। डीसी डॉ. विवेक भारती के मार्गदर्शन में चार्ज ऑफिसर्स की ओर से सभी एन्युमेरेटर्स को सख्त हिदायत दी है कि वे जनगणना से संबंधित सभी कार्य निर्धारित नियमों, दिशा-निर्देशों और समयसीमा के अनुसार ही करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि हाउस लिस्टिंग के दौरान प्रत्येक मकान, परिवार और उससे संबंधित आवश्यक जानकारी को पूरी सावधानी और जिम्मेदारी के साथ दर्ज किया जाए, ताकि भविष्य की योजनाओं के लिए सटीक और विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध हो सकें।

### दिए निर्देश

डीसी के दिशा निर्देशों की अनुपालना करते हुए सभी चार्ज ऑफिसर्स फील्ड में एक्टिव हैं। फतेहाबाद ग्रामीण जनगणना के चार्ज अधिकारी एवं तहसीलदार सुरेंद्र सिंह ने फील्ड में पहुंचकर हाउस लिस्टिंग कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में प्रगणकों द्वारा किए जा रहे कार्य का जायजा लिया और मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# स्वयं सहायता समूहों में आत्मनिर्भरता की अलख

- गोरखपुर में आजीविका प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते नाबार्ड अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड द्वारा गांव गोरखपुर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए आजीविका एवं उद्यम विकास कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के भीतर छिपे कौशल को निखारकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए नाबार्ड फतेहाबाद के जिला विकास प्रबंधक करण अरोड़ा ने कहा कि नाबार्ड ग्रामीण समृद्धि के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की क्षमता निर्माण को विकसित कर उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है, ताकि वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सक्रिय भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक स्वरदीप सिंह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में हुनर की कोई कमी नहीं होती, लेकिन सही मार्गदर्शन के अभाव में उनकी प्रतिभा दबकर रह जाती है। ,

### किया प्रेरित

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सरपंच मनदीप योगी और हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से बीपीएम संजय कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महिलाओं को निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया और भविष्य में हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया। संस्था के सचिव विनीत ने बताया कि इस अभियान के तहत भूना ब्लॉक के कुल 120 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को डेयरी फार्मिंग गतिविधि में दस दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करना और उन्हें घर बैठे रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

# अरोड़ा-खत्री कम्युनिटी का विस्तार: लीगल सेल में नई नियुक्तियों से बढ़ेगी पकड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** लीगल सैल के नवनियुक्त पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी ने संगठन की मजबूती और सामाजिक पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपने लीगल सेल में नई नियुक्तियों की घोषणा की है। यह विस्तार हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ क्षेत्र में संगठन के प्रभाव को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है। कानूनी प्रकोष्ठ हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के अध्यक्ष सूर्यवंशी राजेंद्र कुकरेजा ने इन नियुक्तियों की आधिकारिक घोषणा की। उन्होंने बताया कि ये नियुक्तियां राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा और प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश चुघ के साथ गहन विचार-विमर्श और उनकी अनुमति के पश्चात की गई हैं।

### प्रेम छाबड़ा को महासचिव किया नियुक्त

नई नियुक्तियों के तहत राजेश गांधी को लीगल सेल हरियाणा का ज्वाइंट सेक्रेटरी मनोनीत किया गया है। इसी क्रम में प्रेम छाबड़ा को लीगल सेल हरियाणा का महासचिव और विनीत भूटानी को लीगल सेल हरियाणा का वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया है। संगठन ने चंडीगढ़ इकाई की कमान सौंपते हुए सत्यम अरोड़ा को चंडीगढ़ लीगल सेल का अध्यक्ष नियुक्त किया है, जबकि रजनीश त्रेहन को पानीपत जिले और हरीश आर्य को करनाल जिला का लीगल सेल का अध्यक्ष बनाया गया है। इन नियुक्तियों के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

# गुम हुए 13 मोबाइल मालिकों को लौटाए

- फतेहाबाद साइबर पुलिस की सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल लौटाते एसपी निकिता खट्टर।

फतेहाबाद साइबर पुलिस ने तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए सफलता हासिल की है। साइबर थाना टीम ने विभिन्न शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गुम हो चुके 13 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक रिकवर कर लिए हैं, जिन्हें आज उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया। बरामद किए गए इन मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी निकिता खट्टर ने मोबाइल मालिकों को उनके फोन व्यक्तिगत रूप से भेंट किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना पुलिस की मुख्य प्राथमिकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि तकनीक तभी सार्थक सिद्ध होती है जब उसका लाभ सीधे जनता को मिले और उनकी समस्याओं का निवारण हो सके। इस सफलता के पीछे साइबर थाना फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में गठित टीम की कड़ी मेहनत रही। टीम ने आधुनिक तकनीक, आईएमईआई ट्रैकिंग, लोकेशन विश्लेषण और डिजिटल सर्विलांस का प्रभावी ढंग से समन्वय किया। पूरे अभियान के दौरान प्राप्त शिकायतों की बारीकी से जांच की गई और डेटा विश्लेषण के आधार पर मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस कर उन्हें बरामद किया गया।

## एसपी निकिता खट्टर ने युवाओं को दिया अनुशासन और नशामुक्ति का संदेश

# नशे के खिलाफ जाखल में गूंजा अभियान पुलिस व छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' नारों से गूंजा शहर, रैली को मिला समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** जाखल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते एसपी निकिता खट्टर।

फतेहाबाद पुलिस द्वारा समाज को नशे के चंगुल से बाहर निकालने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को जाखल में जागरूकता कार्यक्रम और रैली का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद, शाखा जाखल के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर युवाओं और अभिभावकों को सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में डीएसपी टोहाना जय भगवान, थाना प्रभारी सुरेश कुमार और कई सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### पौधरोपण के साथ हुई शुरुआत

कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए पौधारोपण के साथ हुई, जिसके बाद स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान महिला मंडल द्वारा एसपी निकिता खट्टर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए एसपी ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता; यह केवल अनुशासन, मेहनत और दृढ़ संकल्प से ही प्राप्त की जा सकती है। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर गहरी चिंता जताते हुए एसपी ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज के भविष्य को नष्ट कर देता है। उन्होंने अभिभावकों को विशेष सलाह देते हुए कहा कि वे अपने बच्चों के साथ संवाद की कमी न होने दें। बच्चों के साथ दोस्त बनकर उनके मन की बात समझें, क्योंकि मजबूत पारिवारिक संबंध ही युवाओं को नशे जैसे गलत रास्तों पर जाने से रोक सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### 9 को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, बेंच का गठन

**सिरसा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से न्यायालय परिसर सिरसा, डबवाली व ऐलनाबाद में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। लोक अदालत के लिए कुल छह बेंच का गठन किया गया। ये बेंचें वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, सिविल, आपराधिक, बिजली से संबंधित मामलों का निपटारा करेंगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पुनीश जिंदिया ने बताया कि प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट कृष्ण कांत, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवजीत क्लेयर, सिविल जज, सह एसीजेएम प्रवेश सिंगला, सिविल जज सह जेएमआईसी रिचू समस्याएं सुनेंगे।

### चेक बाउंस मामले का वांछित दबोचा

**सिरसा।** पुलिस ने चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़े आरोपी को शहर सिरसा क्षेत्र से काबू कर लिया है। शहर थाना प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हुआ। इस पर अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत ने आरोपी राजेश कुमार को बीती 7 जनवरी को पीओ घोषित किया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना शहर सिरसा मे मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी राजेश कुमार निवासी मोरीवाला, हाल सेंट्रल बैंक वाली गली सिरसा से काबू कर लिया।

### एडीसी ने शिविर में सुनी आमजन की शिकायतें

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जिला में आयोजित समाधान शिविरों में कुल 9 शिकायतें आई। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने अधिकारियों से कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निवारण सुनिश्चित किया जाए। समाधान शिविर का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटान सुनिश्चित करना है, ताकि नागरिकों को समयबद्ध राहत मिल सके।

### ग्रामीण युवाओं के लिए बैकयार्ड कुक्कुट योजना

**सिरसा।** ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा बैकयार्ड कुक्कुट इकाई योजना संचालित की जा रही है। यह योजना विशेष रूप से बेरोजगार ग्रामीण युवाओं के लिए लाभकारी साबित हो रही है, जिससे वे कम लागत में अपना स्वरोजगार शुरू कर सकते हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनके लिए आय के स्थायी स्रोत तैयार करना तथा सामाजिक-आर्थिक उत्थान में योगदान देना है। इसके साथ ही योजना के माध्यम से लाभार्थियों और उनके परिवार के सदस्यों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

## पटवार कानूनगो एसोसिएशन व पार्षदों ने दिया आंदोलन को समर्थन

# नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल से फतेहाबाद बेहाल

चौथे दिन भी नहीं उठा कूड़ा, शहर बना डंपिंग ग्राउंड, मंगलवार को भी जारी रहेगी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगरपरिषद फतेहाबाद के कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर शुरू की गई हड़ताल सोमवार को लगातार चौथे दिन भी जारी रही। इस हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सोमवार को डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सफाई ठेका और कार्यालयों के सभी कर्मचारी काम छोडक़र हड़ताल पर डटे रहे। धरने की अध्यक्षता इकाई प्रधान नरेश राणा ने की, जबकि मंच संचालन सचिव ओम प्रकाश लोट द्वारा किया गया। पिछले चार दिनों से शहर में न तो डोर-टू-डोर कचरा उठाने वाली गाडिय़ां गलियों में पहुंची हैं और न ही मुख्य सडक़ों पर झाड़ू लगा है। इसके परिणामस्वरूप शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और गलियों में कूड़े के ऊंचे ढेर लग गए हैं।

स्थानीय लोग और दुकानदार सडक़ों पर फैली गंदगी और उठती दुर्गंध से बेहद परेशान हैं। स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि लोग रात के अंधेरे में इधर-उधर कूड़ा फेंकने को मजबूर हैं। चूंकि कर्मचारी मंगलवार को भी हड़ताल पर रहेंगे, इसलिए शहर की हालत में फिलहाल सुधार होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है।



**फतेहाबाद।** नगरपरिषद कार्यालय में हड़ताल कर धरना देते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### संगठनों का मिला समर्थन

कर्मचारियों के इस संघर्ष को अन्य संगठनों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। सोमवार को पटवार कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान सुरेश कुमार, जिला सचिव कृष्ण कुमार, जिला कोषाध्यक्ष बलवीर सिंह, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान सुनील कुमार, सीटू नेता गगनदीप कौर, मदन सिंह ने धरने पर पहुंचकर अपना समर्थन जताया। इनके अलावा वार्ड नंबर 12 से पार्षद मोहन लाल नारंग, वार्ड नंबर 07 से पार्षद राजेंद्र अहूजा, पूर्व एसकेएस जिला प्रधान बेगराज, पूर्व पार्षद शम्मी रत्ती और पूर्व पशुपालन विभाग नेता डॉ. रामफल ने कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराया।

### शोषण के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान

धरने को संबोधित करते हुए राज्य वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तुषामड और जिला प्रधान विजय ढाका ने सरकार को कड़ी चेतावनी दी कि यदि समय रहते कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो यह आंदोलन और अधिक उग्र होगा। कर्मचारी नेताओं ने दर्द व्यक्त करते हुए कहा कि वे सरकार से किसी ऊंचे पद या कुर्सी की मांग नहीं कर रहे हैं, बल्कि अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 20-20 सालों से कच्चे कर्मचारी के रूप में काम करने के बाद भी लोग खाली हाथ घर जा रहे हैं, उन्हें न तो पेंशन मिल रही है और न ही ग्रेच्युटी।

## पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने दी पानी और सीवर ठप्प की दी चेतावनी

- सरकार गांव के जलघरों को कर रही पंचायतों के हवाले

**फतेहाबाद।** हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की बैठक आज यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधान विनोद कुमार जांगड़ा ने की, जबकि संचालन सचिव लाधुराम रजलीवाल द्वारा किया गया। बैठक के दौरान यूनियन सदस्यों ने सरकार की नीतियों और कर्मचारियों के प्रति उदासीन रवैये पर कड़ा रोष व्यक्त किया। यूनियन के पदाधिकारियों ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह लगातार कर्मचारियों की अनदेखी कर रही है और सार्वजनिक विभागों को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी में है। बैठक में चर्चा की गई कि सरकार गांवों के जल घरों को पंचायतों के हवाले करने जा रही है और विभिन्न विभागों को बेचने का काम कर रही है। नेताओं ने कहा कि नगरपालिका और फायर ब्रिगेड के कर्मचारी पिछले 20-25 दिनों से हड़ताल पर हैं, लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आग बुझाते समय शहीद हुए फायर कर्मचारियों की सुध तक सरकार ने नहीं ली है। यूनियन ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो मैकेनिकल वर्कर यूनियन के पब्लिक हेल्थ विभाग के कर्मचारी भी इस आंदोलन में शामिल हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में शहर की पानी और सीवर व्यवस्था को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी। यूनियन ने मांग की है कि सरकार समय रहते हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों से बातचीत के माध्यम से समाधान निकाले, ताकि आम जनता को भारी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## हड़ताल से चरमराई सफाई व्यवस्था, जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर

**सिरसा।** जिलाभर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब सडक़ों और बाजारों में साफ नजर आने लगा है। नगर परिषद और नगर पालिकाओं के करीब 590 सफाई कर्मचारी पांच मई तक हड़ताल पर हैं, जिसके चलते शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। दो दिन से न झाड़ू लगी है और न ही डोर-टू-डोर कचरा उठान हो पाया है। हालात यह हैं कि गलियों, बाजारों और डंपिंग प्वाइंटों सहित सभी जगहों पर कूड़े के ढेर लग पड़े हैं, जबकि हवा के साथ उड़ता कचरा राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। सफाई कर्मचारी यूनियन इस बार लंबी लड़ाई के मूड में नजर आ रही है और फिलहाल हड़ताल खत्म करने के संकेत नहीं दिए हैं। रविवार को भी नगर परिषद कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में कर्मचारी धरने पर डटे रहे, जिनमें महिला कर्मचारियों की संख्या अधिक रही। जिले में नगर परिषद व नगर पालिकाओं के दायरे से प्रतिदिन लगभग 400 टन कचरा निकलता है। इनमें सिरसा शहर से 130 से 140 टन, रानियां और ऐलनाबाद से करीब 80 टन तथा कालांवाली और डबवाली से लगभग 40-40 टन कचरा प्रतिदिन निकलता है। ऐसे में हड़ताल लंबी खिंचने पर शहरों में कचरे का संकट और गहरा सकता है। अनुमान है कि मंगलवार तक विभिन्न शहरी निकाय क्षेत्रों में 800 टन तक कचरा जमा हो सकता है। हड़ताल में डोर-टू-डोर कचरा उठाने वाली एजेंसी और शहर में झाड़ू लगाने वाली एजेंसी के कर्मचारी भी शामिल हो गए हैं, जिससे वैकल्पिक व्यवस्था करना प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है। हालांकि कुछ स्थानों पर रैग पिकर और कचरा बीनने वाले कचरा एकत्र करते नजर आए, लेकिन यह व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है।



**सिरसा।** हड़ताल के चलते नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## सांसारिक मोह-माया और बंधनों से मुक्ति का मार्ग है सिमरण: संत बिरेंद्र

- अध्यात्म, कर्म और जीवन के गूढ़ रहस्यों का दिया उपदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालांवाली

डेरा जगमालवाली के गद्दीनशीन संत बिरेंद्र सिंह महाराज ने श्रद्धालुओं को अध्यात्म, कर्म और जीवन के गूढ़ रहस्यों का उपदेश दिया। इस सत्संग में देश के कई राज्यों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। संत बिरेंद्र सिंह ने कहा कि संतों का इस दुनिया में आगमन इसलिए होता है, क्योंकि जो ज्ञान हमें सामान्य माध्यमों, भूत-प्रेत या देवी-देवताओं से प्राप्त नहीं होता, उसे वे सरल भाषा में समझाते हैं। सतगुरु संतों का चोला धारण करके हमारे बीच आते हैं और हमें प्रेम से जीवन का सही मार्ग दिखाते हैं। वे हमें हमारे परम धाम की याद दिलाते हैं और इस सांसारिक दुनिया के मोह-माया के जाल व 84 लाख योनियों जन्म-मरण के बंधनों से छुटकारा दिलाते हैं। संत ने कहा कि हम जैसा सोचते हैं और जिधर हमारा ध्यान जाता है, हमारा जीवन वैसा ही बन जाता है। यदि हमारा ध्यान अंधकार की ओर जाएगा तो हमें भीतर से भी अंधेरा महसूस होगा।





**कालांवाली।** सत्संग करते संत बिरेंद्र सिंह महाराज तथा उपस्थित श्रद्धालु।

### खट्टर के जन्मदिन पर विशाल रक्तदान शिविर

**फतेहाबाद।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन के अवसर को सेवा-संकल्प-कृतज्ञता दिवस के रूप में मनाते हुए फतेहाबाद में 5 मई को विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन विशेष रूप से उन युवाओं और उनके परिजनों द्वारा किया जा रहा है जिन्होंने वर्तमान सरकार की बिना पर्ची-खर्ची नीति के तहत सरकारी रोजगार प्राप्त किया है। 5 मई को सुबह 9 बजे पंचनद सेवा सदन, फतेहाबाद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि के तौर पर फतेहाबाद के पूर्व विधायक दुडा राम उपस्थित रहेंगे।

## भाजपा कायकर्ताओं ने विस चुनावों में शानदार प्रदर्शन पर मनाया जश्न

- पश्चिम बंगाल, असम व पांडिचेरी में भाजपा को प्रचंड बढ़त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिल रही प्रचंड बढ़त एवं ऐतिहासिक प्रदर्शन पर जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतीद्र सिंह के नेतृत्व में जिला पार्टी कार्यालय में भव्य रूप से जश्न मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाच-गाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। पूरा कार्यालय उत्सव के माहौल में रंगा नजर आया। एडवोकेट यतींद्र सिंह ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों एवं कार्यकतार्ओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बंगाल एवं असम में मिली सफलता को जनता के विश्वास की जीत बताया और इसे पार्टी के बढ़ते जनाधार का सकारात्मक संकेत बताया।



**सिरसा।** भाजपा कार्यालय में खुशी का इजहार करते पार्टी कार्यकर्ता।



**सिरसा।** शिविर में योगा करते हुए साधक। फोटो : हरिभूमि

### योग शारीरिक व मानसिक रूप से बनाता है स्वस्थ: आचार्य

**सिरसा।** पांच दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का पुलिस लाईन में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में पुलिस जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन और सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। योग आचार्य ने बताया कि सूर्य नमस्कार से शारीरिक व मानसिक संतुलन बना रहता है, इसलिए पुलिस जवानों को नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण और तनावपूर्ण होता है,ऐसे में योगाभ्यास उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि जवान तनावमुक्त रहेंगे तो वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन और अधिक दक्षता एवं समर्पण के साथ कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि योग से शरीर को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन एवं पोषक तत्व प्राप्त होते हैं, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। उन्होंने यह भी कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है। इस अवसर पर जिला कल्याण निरीक्षक सीमा सोढ़ी सहित अनेक पुलिस के जवान मौजूद थे।

## नए वकीलों के लिए पंजीकरण फीस 750 व एससी वर्ग के लिए 125 रुपये निर्धारित

- वकीलों के हितों के लिए संघर्ष जारी रखने का भरोसा, पंजीकरण फीस घटाने को बताया बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के नवनिर्वाचित सदस्य एडवोकेट प्रदुमन गर्ग का फतेहाबाद बार एसोसिएशन पहुंचने पर अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीन जिंदल, पूर्व बार प्रधान नरेश सोनी, एचएस संधू, एनडी मित्तल, बार सचिव पुनीत भुटानी, गरिमा गोयल, उपप्रधान सतेंद्र बिश्नोई और सहसचिव शम्मी राठौर मौजूद रहे। प्रदुमन गर्ग ने कहा कि वे हमेशा वकीलों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने बताया कि बार काउंसिल द्वारा ली जाने वाली अधिक पंजीकरण फीस के खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अब नए वकीलों के लिए पंजीकरण शुल्क 750 रुपये और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए मात्र 125 रुपये निर्धारित किया गया है।




**फतेहाबाद।** बार काउंसिल सदस्य प्रदुमन गर्ग का स्वागत करते वकील।

### एसडी कॉलेज में विदाई समारोह में मेधावी सम्मानित

**सिरसा।** सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शास्त्री द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने शास्त्री अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को विदाई दी। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय के अध्यक्ष सुरेंद्र बांसल एडवोकेट ने किया। इस दौरान शास्त्री अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने तीन सालों के अनुभव सांझा किए। शास्त्री द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने शास्त्री अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय की अध्यक्ष सुरेंद्र बंसल एडवोकेट ने भी शास्त्री अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया तथा उनके तीन सालों के कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी को प्रोत्साहन राशि देने का वायदा किया। उन्होंने कहा कि मेहनत के बल पर ही सफलता पाई जा सकती है।



**सिरसा।** विद्यार्थी महाविद्यालय को दो बैटरी वाला इनवर्टर भेंट करते हुए।

### प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था फेल : सांसद सैलजा

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने प्रदेश में बिगड़ती प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। हाल ही में सामने आई घटनाओं और समाचार रिपोर्टों का हवाला देते हुए सांसद ने कहा कि प्रदेश में सिस्टम पूरी तरह से चरमरा गया है और इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दमकल विभाग के कर्मचारियों की लंबी हड़ताल, फायर सिस्टम की विफलता और लापरवाही के चलते एक युवती की मौत होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। यह घटना केवल एक हादसा नहीं बल्कि प्रशासनिक विफलता का स्पष्ट उदाहरण है। जब आपातकालीन सेवाएं ही ठप पड़ जाएं, तो यह सरकार की प्राथमिकताओं पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। कुमारी सैलजा ने सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शहरों में फैली गंदगी पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सडक़ो पर कूड़े के ढेर लगना, बीमारियों का खतरा बढना और नागरिकों का जीवन प्रभावित होना दर्शाता है कि सरकार शहरी प्रबंधन में पूरी तरह विफल रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## ओरिएंटेशन ऑफ टीचर्स टुवड्र्स इंटर्नशिप गाइडलाइंस पर कार्यशाला

# इंटर्नशिप विद्यार्थियों के समग्र मूल्यांकन का अहम हिस्सा : प्रो. सुरेंद्र

नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत इंटर्नशिप में शिक्षकों की भूमिका को किया स्पष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज में 'ओरिएंटेशन ऑफ टीचर्स टुवड्र्स इंटर्नशिप गाइडलाइंस' विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रो. सुरेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत इंटर्नशिप को अनिवार्य किए जाने के संदर्भ में शिक्षकों की भूमिका को विस्तार से स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप अब केवल औपचारिक प्रक्रिया न रहकर विद्यार्थियों के समग्र मूल्यांकन का अहम हिस्सा बन चुकी है। उन्होंने यूएसजीएस के शिक्षकों को संबोधित करते हुए इंटर्नशिप नीति, उसके उद्देश्यों एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक शिक्षक को मेंटर के रूप में 15:20 विद्यार्थियों के समूह को उद्योगों से जोड़ते हुए उनके कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करनी होगी। साथ ही उन्होंने क्रेडिट सिस्टम, रिपोर्टिंग प्रारूप, उद्योगों के साथ एमओयू प्रक्रिया एवं कौशल विकास के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला।



**सिरसा।** कार्यशाला को संबोधित करते प्रो. सुरेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

### रोजगारपरक शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि अब शिक्षकों की भूमिका केवल कक्षा शिक्षण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उन्हें विद्यार्थी और उद्योग के बीच सेतु के रूप में कार्य करना होगा, जिससे रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। प्रो. मोहम्मद काशिफ किदवई ने कहा कि ऐसे उन्मुखीकरण कार्यक्रम समय की आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का दायरा व्यापक है और इसकी सही समझ शिक्षकों तक पहुंचने से ही विद्यार्थी इसका पूर्ण लाभ उठा सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने मूल्यांकन पद्धति, उपस्थिति एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप की उपलब्धता से संबंधित प्रश्न भी उठाए, जिनका मुख्य वक्ता ने व्यावहारिक उदाहरणों के साथ समाधान किया।